बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड

महेश भवन, गाँधी मैदान, पटना।

दिनांक 24.06.2023 को बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की 402वीं साधारण बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति :

1.	श्री संदीप पौण्डरीक	अपर मुख्य सचिव, उद्योग विभाग –सह– अध्यक्ष, बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड	अध्यक्ष
2.	श्री पंकज दीक्षित	उद्योग निदेशक	सदस्य
3.	श्री दिलीप कुमार	मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड	सदस्य सचिव
4.	श्री अनिल कुमार	आंतरिक वित्तीय सलाहकार	सदस्य
5.	श्री विवेक रंजन मैत्रेय	निदेशक, हस्तकरघा एवं रेशम	सदस्य

क्र०	बैठक में रखे गये प्रस्ताव	बोर्ड का निर्णय
1.	बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड अन्तर्गत बिहार राज्य के बाहर वाराणसी, राँची और जमशेदपुर में माह सितम्बर–नवम्बर, 2023 में खादी मेला/ प्रदर्शनी लगाने का प्रस्ताव तथा माह जुलाई 2023 भागलपुर में Indoor मेला लगाने का प्रस्ताव।	बिहार के बाहर वाराणसी, राँची और जमशेदपुर जैसी जगहों पर उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसंधान संस्थान द्वारा बिहार क्राफ्ट फेयर लगाया जाएगा। भागलपुर में जुलाई माह में खादी मेला लगाया जा सकता है।
2.	वैसी ग्रामोद्योगी संस्थाओं को भी लाभ देने का प्रस्ताव है जो KVIC से मान्यता प्राप्त नही है, लेकिन KVIB से जुड़कर ग्रामोद्योग के कार्य में संलग्न है।	जो ग्रामोद्योगी संस्थाएँ KVIC से मान्यता प्राप्त नहीं हैं, उनका पंजीकरण KVIB में करके उन्हें सहायता प्रदान की जाए।
3.	खादी मॉल के रिवॉल्विंग फंड के संचालन की प्रक्रिया का अनुमोदन।	इस मामले में पिछले एक साल का पूर्ण आँकड़ा इकट्ठा किया जाए और उसके विश्लेषण के आधार पर अगले बोर्ड मीटिंग में प्रस्तुत किया जाए।
4.	मेला में भाग लेने हेतु यात्राा भत्ता परिवहन व्यय सह दैनिक भत्ता भुगतान करने का प्रस्ताव।	बिहार राज्य की सीमा में लगाए जाने वाले मेलों में प्रत्येक प्रतिभागी को पूर्ण मेला अवधि में उपस्थित रहने पर 2,000 रूपये तथा बिहार के बाहर लगने वाले मेलों में प्रत्येक प्रतिभागी को 5,000 रूपये की एकमुश्त यात्रा भत्ता, परिवहन व्यय –सह– दैनिक भत्ता दिये जाने का प्रस्ताव स्वीकृत किया जाता है।

24/6/23
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी

24/6/23
अपर मुख्य सचिव–सह–अध्यक्ष